# अपील

हिमाचल प्रदेश के मेले और त्यौहार राज्य की अनमोल धरोहर हैं। प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की वास्तविक झलक प्रदेश में होने वाले मेलों और त्यौहारों में देखने को मिलती है। विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के प्रमुख त्यौहार तथा हि. प्र. सरकार द्वारा अधिसूचित अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरीय मेलों/उत्सवों पर कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः जनमानस से अनुरोध है कि यदि आपके पास मेलों एवं त्यौहारों से संबंधित पौराणिक व पारम्परिक पृष्ठभूमि की संपूर्ण इतिहास सहित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा फोटोग्राफ उपलब्ध हैं तो आप विभाग की ई. मेल : dirlculture@gmail.com पर भेज सकते हैं। आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली बहुमूल्य सामग्री प्रदेश की लुप्त होती सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्द्धन में उपयोगी सिद्ध होगी।


निदेशक

भाषा एवं संस्कृति विभाग

कसुम्पटी, शिमला-9